प्रति क्विंटल 10 रुपये बढ़ा गन्ना मूल्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले योगी सरकार ने किसानों के हित में अहम फैसला किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पेराई सत्र 2017-18 के लिए मूल्य (एसएपी) निर्धारित किया है। गन्ना मूल्य प्रति क्विंटल 10 रुपये बढ़ाया गया है।

गुरुवार को चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेश राणा ने बताया कि अगैती प्रजातियों के लिए प्रति क्विंटल मूल्य बढ़ाकर 325 रुपये कर दिया गया है। सामान्य प्रजाति के लिए 315 रुपये, अनुपयुक्त प्रजाति के लिए बढ़ाकर 310 रुपये प्रति क्विंटल किया है।